दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 (शुक्रवार) को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में, मध्यान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय सभागार में सम्पन्न कार्य परिषद की 19वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्न ने प्रतिभाग किया:-**

1. प्रोफेसर नागेश्वर राव, — अध्यक्ष
   कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

2. प्रोफेसर बी0एस0 पठानिया, — सदस्य
   रिटायर्ड डीन ऑफ लैंग्वेजेज, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी,
   समर हिल शिमला

3. श्री राकेश भारती मित्तल, — सदस्य
   उपाध्यक्ष, भारती एंटरप्राइजेज, भारती क्रीसेंट, 1 नेल्सन मंडेला रोड,
   वंसत कुंज, फेस-2, नई दिल्ली

4. प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल — सदस्य
   निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

5. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, — सदस्य
   निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

6. डॉ0 देवेश कुमार मिश्र, — सदस्य
   सहायक प्राध्यापक, संस्कृत, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

7. प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, — सदस्य सचिव
   निदेशक, प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्या शाखा/कुलसचिव
   उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

8. श्रीमती आभा गर्खाल, — आमंत्रित सदस्य
   वित्त अधिकारी, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

9. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, — आमंत्रित सदस्य
   परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

सर्वप्रथम कुलसचिव (सदस्य सचिव, कार्य परिषद) द्वारा कुलपति (अध्यक्ष, कार्य परिषद) तथा सभी उपस्थित सदस्यों का कार्यपरिषद की 19वीं बैठक में स्वागत किया गया। कुलसचिव ने विशेषरूप से परिषद की बैठक में उपस्थित बाह्य सदस्य सेवानिवृत्त प्रोफेसर बी0एस0 पठानिया तथा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित श्री राकेश भारती मित्तल का स्वागत किया।

2.21.06 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (डेब) को शैक्षणिक सत्र 2018-19 से नवीन विषयों की मान्यता हेतु भेजे जाने वाले आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से भेजे जाने वाले शपथ-पत्र (Affidavit) के संबंध में।

**प्रस्ताव संख्या 19.15- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

**प्रस्ताव संख्या 19.15.01- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना संख्या-171 दिनांक 02 मई, 2016 को अंगीकृत किये जाने के संबंध में।**

प्रस्ताव पर कुलसचिव द्वारा कार्य परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र संख्या D.O.No.F.91-3/2014(GS) दिनांक 06 जून, 2017 जो प्रस्ताव के साथ संलग्न है के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 02 मई, 2016 (उच्चतर शैक्षिक संस्थानों में महिला कर्मचारियों एवं छात्रों को लैंगिक उत्पीड़न के निराकरण, निषेध एवं इसमें सुधार) विनियम 2015 के अनुसार किया जाना है। उपर्युक्त अधिसूचना के बिन्दु संख्या 04 (1) के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन किये जाने हेतु प्रस्ताव कार्य परिषद के सम्मुख विचारार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रस्ताव पर कार्य परिषद द्वारा विचार-विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:-

| क्रम संख्या | पद | योग्यता | पद हेतु प्रस्तावित नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | पीठासीन अधिकारी | एक महिला संकाय सदस्य हो और जो एक वरिष्ठ पद पर (एक विश्वविद्यालय की स्थिति में प्रोफेसर से निम्न न हो तथा किसी विश्वविद्यालय की स्थिति में सह-प्रोफेसर अथवा रीडर से निम्न न हो) शैक्षिक संस्थान में नियुक्त हो तथा कार्यकारी प्राधिकारी द्वारा नामित हो।<br><br>बशर्ते यदि किसी स्थिति में कोई वरिष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी उपलब्ध नहीं है तो पीठासीन अधिकारी को उप-अनुभाग 2 (ओ) में दर्शाये कार्यस्थल के अन्य कार्यालय अथवा प्रशासनिक एकांश से उन्हें नामित किया जायेगा।<br><br>'बशर्ते यदि उस कार्यस्थल के अन्य कार्यालयों अथवा प्रशासनिक एकांशों में कोई वरिष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी नहीं है तो अध्यक्ष अधिकारी को उसी नियोक्ता के कार्यस्थल से अथवा किसी अन्य विभाग या संगठन में से नामित किया जा सकता है' | श्रीमती आभा गर्खाल, वित्त अधिकारी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | दो संकाय सदस्य एवं दो गैर-अध्यापनरत कर्मचारी | ऐसे कर्मचारी जो अधिमानत-महिलाओं की समस्याओं के लिए प्रतिबद्ध है तथा जिन्हें सामाजिक कार्य अथवा कानूनी जानकारी है, उन्हें कार्यकारी प्राधिकारी द्वारा नामित किया जाना चाहिए। | **अकादमिक -**<br>1. डॉ0 मंजरी अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक, प्रबंध अध्ययन।<br>2. डॉ0 नीरजा सिंह, सहायक प्राध्यापक, समाज कार्य<br>3. डॉ0 जटाशंकर आर0 तिवारी, सहायक प्राध्यापक, होटल प्रबंधन।<br>**गैर अकादमिक -**<br>1. श्री राहुल बिष्ट, कनिष्ठ सहायक<br>2. श्री नवनीत मेहरा, तकनीकी परामर्शदाता।<br>3. श्रीमती रेखा बिष्ट, समन्वयक<br>4. श्रीमती मीतू गुप्ता, कैटलॉगर |
| 3. | तीन छात्र | तीन छात्र जो स्नातक, स्नाकोत्तर तथा शोध स्तर पर अध्ययनरत हैं। | **स्नातक स्तर पर -**<br>सुश्री अपराजिता पाण्डे, बी0ए0, गृह विज्ञान<br>**स्नातकोत्तर स्तर पर -**<br>1- श्रीमती मीनाक्षी बोरा, समाज कार्य<br>2- श्री प्रवीन चन्द्र भट्ट, समाज कार्य<br>**शोध स्तर पर -**<br>1. श्रीमती सुनीता सांगुड़ी, शोध छात्रा, प्रबंध अध्ययन। |
| 4. | गैर सरकारी संगठन का प्रतिनिधि | गैर सरकारी संगठनों में से किसी एक में अथवा किसी ऐसी सभा में से जो महिलाओं की समस्याओं के लिए प्रतिबद्ध हैं या एक ऐसा व्यक्ति हो जो लैंगिक उत्पीड़न से जुड़े मामलों का जानकार हो, जो कार्यकारी प्राधिकारी द्वारा नामित हो। | श्रीमती उषा मुकेश,<br>सामाजिक कार्यकर्ता, हल्द्वानी |

कार्यसूची में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर विचार-विमर्श एवं अनुमोदन के उपरांत कुलपति जी द्वारा बाह्य सदस्यों को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस दिनांक 31 अक्टूबर, 2017 एवं तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 14 नवम्बर, 2017 में आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात कार्य परिषद के सदस्य सचिव प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों विशेषकर बाह्य सदस्य प्रोफेसर बी0एस0 पठानिया एवं श्री राकेश भारती मित्तल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी सदस्यों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई।

27/11/17

(प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र)
कुलसचिव/ सदस्य सचिव, कार्य परिषद
हल्द्वानी (नैनीताल)

प्रो0 नागेश्वर राव
कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखण्ड)

15